प्रपत्र – 23

परियोजना का नाम :– मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के विधानसभा क्षेत्र गंगोत्री मे भटवाडी में बौंगा से कियांणगाव तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य हेतु 1.350 है0 वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव (किमी0 2.0तक)।

वनाधिकार अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र
ग्राम पंचायत का नाम :– बौगा।
तहसील :– भटवाड़ी, जिला – उत्तरकाशी।

अनापत्ति प्रमाण पत्र

मुख्य मंत्री घोषणा के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड भटवाड़ी मे बौगा से कियांणगाव तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य हेतु 1.350 है0 वन भूमि का प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, भटवाडी/संस्था के पक्ष में भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मत्रालय द्वारा प्रत्यवर्तित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया ।

उक्त प्रकरण के विषय में ग्राम पंचायत बौगा द्वारा दि0 03/09/15 को सम्पन्न ग्राम सभा /ग्राम पंचायत की बैठक में प्रयोक्ता ऐजेन्सी द्वारा आवेदित वन भूमि के सम्बन्ध में अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु विस्तृत चर्चा की गयी यह कि वनाधिकारी अधिनियम 2006 के प्राविधानों के तहत आवेदित वन भूमि में आदिवासी अथवा किसी गैर आदिवासी का कब्जा/कृषि कार्य है अथवा नही। उपस्थित सभी ग्रामवासियों द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त वन भूमि में किसी भी आदिवासी अथवा गैर आदिवासी का कब्जा / कृषि कार्य नही किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त परियोजना के निर्माण हेतु आवेदित वन भूमि पर ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नहीं हो रहा है।

चर्चा के उपरान्त ग्राम सभा द्वारा सर्व सहमति से निर्णय लिया गया /प्रस्ताव पारित किया गया कि ग्राम बौंगा,कियांणगाव के ग्रामवासियों को उक्त वन भूमि प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, भटवाड़ी प्रयोक्ता ऐजेन्सी को परियोजना के निर्माण हेतु दिये जाने पर कोई आपत्ति नहीं है।

प्रमाणित किया जो सत्य एवं सही है।

ह0
ग्राम सचिव

ह0
प्रधान
ग्राम पंचायत – बौंगा
विकास खण्ड – भटवाड़ी
जनपद – उत्तरकाशी

नोट :– यदि किसी आदिवासी अथवा वनवासी की निजी भूमि प्रभावित हो रही है तो तद्नुसार उसका विवरण उक्त प्रपत्र में दिया जाय।
उक्त प्रपत्र उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा प्राप्त कर प्रयोक्ता एजेन्सी को उपलब्ध कराया जायेगा।